

# पुल से 8 फीट ऊपर बह रहा है नदी का पानी

## एक दर्जन गांवों का संपर्क टूटा

नवभारत न्यूज

**सलामतपुर, 11 अगस्त . सांची जनपद पंचायत क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण अंचलों में रातभर हुई मूसलाधार बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया. लगातार बारिश के कारण क्षेत्र के नदी-नाले उफान पर हैं. मुश्काबाद और ग्राम सत्ती के बीच बहने वाली घोड़ापछाड़ नदी का जलस्तर अचानक तेजी से बढ़ गया. नदी का पानी खतरे के निशान को पार करते हुए पुल से करीब 8 फीट ऊपर बह रहा है. इसके चलते सत्ती, मुश्काबाद सहित आसपास के करीब एक दर्जन गांवों का मुख्य हाईवे और जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है.**

पुल पर तेज बहाव के कारण यातायात पूरी तरह बंद है. ग्रामीणों और राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. प्रशासन ने लोगों को उफनती नदी और पुल को पार नहीं करने की चेतावनी दी है.

**बारिश से किसानों को राहत:** क्षेत्र में करीब 20 दिनों से बारिश नहीं होने के कारण किसान फसलों को लेकर चिंतित थे. अब हुई जोरदार बारिश से खेतों में पानी पहुंचा है, जिससे किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। किसानों को खरीफ फसलों के बेहतर उत्पादन की उम्मीद है. हालांकि, इस मानसून में पहली बार क्षेत्र की प्रमुख नदियां और नाले इस तरह उफान पर आए हैं. घोड़ापछाड़ नदी में बढ़े जलस्तर को देखते हुए प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है. लोगों से जलभराव और बाढ़ संभावित क्षेत्रों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की गई है.

### बारिश से धान की फसल को मिली संजीवनी



क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश से किसानों को बड़ी राहत मिली है. लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के खेतों में पर्याप्त पानी पहुंचने से धान की फसल को संजीवनी मिली है. बारिश के बाद खेतों में हरियाली लौट आई है और फसल की अच्छी बढ़वार की उम्मीद बढ़ गई है. क्षेत्र में बड़ी संख्या में किसान धान की खेती करते हैं. बारिश में देरी के कारण किसानों की चिंता बढ़ रही थी. कई किसानों को फसल बचाने के लिए निजी साधनों से सिंचाई करनी पड़ रही थी, जिससे अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा था. अब लगातार बारिश होने से खेतों में पर्याप्त नमी बनी हुई है और सिंचाई की समस्या काफी हद तक दूर हो गई है. किसानों का कहना है कि धान की फसल के लिए वर्तमान समय में बारिश बेहद जरूरी थी. यदि आगामी दिनों में भी बारिश का सिलसिला जारी रहा तो फसल की स्थिति और बेहतर होने की उम्मीद है. बारिश से खेतों के साथ-साथ तालाब, नालों और अन्य जलस्रोतों में भी पानी की आवक बढ़ी है.

# कल नगर में निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा

**सिलवानी.** हर घर तिरंगा अभियान के तहत 13 अगस्त, गुरुवार को नगर में जागरूकता पैदल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी.यात्रा में जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, स्कूली विद्यार्थियों सहित बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल होंगे. मध्यप्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय नेता ठाकुर रामपाल सिंह राजपूत भी यात्रा में शामिल होंगे. नगर परिषद अध्यक्ष रेशु विभोर नायक ने बताया कि तिरंगा यात्रा दोपहर 12 बजे संदीपनी विद्यालय से प्रारंभ होगी. यात्रा बजरंग चौराहा, सागर रोड, कुशवाहा धर्मशाला, गांधी चौक, आजाद मार्केट, जैन मंदिर, छोटी मस्जिद, पुलिया, नगर परिषद और पुलिस थाना तिराहा होते हुए तहसील प्रांगण पहुंचेगी, जहां यात्रा का समापन होगा. नगर परिषद अध्यक्ष ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर यात्रा को भव्य और सफल बनाने की अपील की है. उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की एकता, अखंडता, संप्रभुता और गौरव का प्रतीक है.

# महिला और देवर पर डंडों से हमला, सिर फूटा

- पुरानी रंजिश में बेरखेड़ी चौराहे पर वारदात
- दो सगे भाईयों ने जानलेवा किया हमला

नवभारत न्यूज

**सलामतपुर, 11 अगस्त . क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते बेखौफ बदमाशों द्वारा सरेराह मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया है. सलामतपुर थाना क्षेत्र के बेरखेड़ी चौराहे पर इलाज कराने आए एक परिवार पर दो सगे भाइयों ने जानलेवा हमला कर दिया. बदमाशों ने डंडों और लात-घूसों से महिला और उसके देवर की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे देवर के सिर में गंभीर चोट आई है और महिला के हाथ-पैर में गहरी चोटें पहुँची हैं.**



बता दें कि खोहा गांव की निवासी परवीन बी अपने देवर सोहैल खान के साथ स्वास्थ्य संबंधी इलाज के लिए बेरखेड़ी चौराहे स्थित डॉक्टर के क्लीनिक पर आई थीं. दोनों जैसे ही चौराहे पर पहुँचे, तभी पूर्व से रंजिश रख रहे ग्राम नेकाम चोराखेड़ी (थाना विदिशा) निवासी दो सगे भाई, शरीफ खान और इरफान खान पिता सलीम खान अचानक वहाँ आ धमके.

### गाली-गलौज के बाद डंडे से सिर पर किया वार

प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, आरोपियों ने देखते ही दोनों को घेर लिया और पुरानी रंजिश का हवाला देते हुए भद्दी-भद्दी गालियाँ देने लगे. जब सोहैल ने गाली देने का विरोध किया, तो आरोपी शरीफ ने जान से मारने की नियत से लकड़ी के डंडे से सोहैल के सिर पर ज़ोरदार वार कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया और वह लहूलुहान होकर ज़मीन पर गिर पड़ा.

जब भाभी परवीन बी अपने देवर को बचाने बीच-बचाव में आईं, तो दोनों भाइयों ने उनके साथ भी लात-घूसों से जमकर मारपीट की. घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल सांची सिविल अस्पताल पहुँचाया गया, जहाँ उनका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है. पीड़िता परवीन बी की शिकायत पर सलामतपुर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी शरीफ और इरफान के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296(बी), 351(3), 115(2), और 3/5 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

**इनका कहना है ...**

बेरखेड़ी चौराहे पर पुरानी रंजिश के चलते महिला और उसके देवर के साथ मारपीट की घटना हुई है. पीड़िता की रिपोर्ट पर दोनों नामजद भाइयों के खिलाफ अपराध पंजीकृत कर लिया गया है. मामले की बारीकी से विवेचना की जा रही है और आरोपियों की तलाश जारी है.

**श्यामराज सिंह सोमवंशी, थाना प्रभारी, सलामतपुर**

# खेल मैदान की मांग को लेकर खिलाड़ियों ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 11 अगस्त . नगर में नवीन खेल मैदान को जल्द पूर्ण कराने और खिलाड़ियों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर युवाओं, खिलाड़ियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों ने सोमवार को एसडीएम प्रियंका भलावी को ज्ञापन सौंपा.**

करीब 60 से 70 प्रतिभागियों ने युवा खिलाड़ी गोविंद सिंह ठाकुर, आदर्श गुप्ता, दीपेश गौर, कीर्ति नायक और मुस्कान साहू के नेतृत्व में ज्ञापन दिया. ज्ञापन में बताया गया कि पुराने सीएम राइज हायर सेकंडरी स्कूल मैदान में खिलाड़ी और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवा नियमित रूप से खेल एवं शारीरिक अभ्यास करते थे. अब वहां सीएम राइज स्कूल विकसित होने के कारण युवाओं के पास अभ्यास के लिए उपयुक्त मैदान नहीं है. युवाओं ने बताया कि पुलिस, सेना, वन विभाग सहित अन्य सरकारी सेवाओं की शारीरिक परीक्षाओं की तैयारी के लिए नियमित रनिंग और व्यायाम जरूरी है. सागर रोड पर कृषि फार्म के सामने नवीन खेल मैदान के लिए भूमि आवंटित की गई है.

# कर्क रेखा पर सेल्फी लेने का जुनून

## हाईवे पार करते सैलानियों की सुरक्षा पर सवाल

नवभारत न्यूज

**सलामतपुर, 11 अगस्त . भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 पर बेरखेड़ी चौराहे के पास स्थित कर्क रेखा स्थल इन दिनों पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है. शनिवार और रविवार को भोपाल, सीहोर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग परिवार के साथ यहां पहुंच रहे हैं.**

हालांकि बढ़ती लोकप्रियता के बीच पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं. कर्क रेखा स्थल हाईवे से सटा होने के कारण पर्यटक फोटो और सेल्फी लेने के लिए बिना किसी सुरक्षित क्रॉसिंग के सड़क पार करते हैं. तेज रफ्तार वाहनों के बीच बच्चों और बुजुर्गों के सड़क पार करने से हादसे का खतरा बना रहता है. स्थानीय स्तर पर पर्यटकों के लिए सुरक्षित पेडेस्ट्रियन क्रॉसिंग, स्पीड कंट्रोल, पर्याप्त संकेतक और पार्किंग व्यवस्था की जरूरत महसूस की जा रही है.

कर्क रेखा करीब 23.5 डिग्री उत्तरी अक्षांश पर स्थित है. 21 जून के आसपास सूर्य कर्क रेखा के निकट लंबवत रहता है, जिसके चलते कुछ स्थानों पर दोपहर के समय वस्तुओं की छाया बेहद छोटी हो जाती है. इसी खगोलीय विशेषता के कारण यह स्थान पर्यटकों के लिए खास आकर्षण रखता है. यहां कर्क रेखा को चिन्हित करने के लिए पत्थरों से स्मारक भी बनाया गया है. पर्यटकों ने प्रशासन और पर्यटन विभाग से स्पीड ब्रेकर, ट्रैफिक संकेत, सुरक्षा गार्ड, पार्किंग और सुरक्षित पैदल क्रॉसिंग की व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि बढ़ते पर्यटन के साथ लोगों की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सके.

# 24 क्वार्टर अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



नवभारत न्यूज

**सलामतपुर, 11 अगस्त. अवैध शराब और नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सलामतपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 24 क्वार्टर देशी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी के खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत प्रकरण दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की गई है.**

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि गीदगढ़ गांव के समीप एक व्यक्ति सफेद झोले में अवैध शराब लेकर बिक्री के लिए जा रहा है. सूचना पर थाना प्रभारी श्यामराज सिंह सोमवंशी के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची. टीम का नेतृत्व प्रधान आरक्षक नितिन जामनिया ने किया. पुलिस को देखकर संदिग्ध व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन जवानों ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया. तलाशी के दौरान उसके पास मौजूद सफेद झोले से 24 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद हुई. पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सचिन सिसोदिया पिता बहादुर सिसोदिया, निवासी बालमपुर बताया. पुलिस ने शराब जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे एवं एसडीओपी के मार्गदर्शन में की गई. क्षेत्र में अवैध शराब और मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा.

# अवैध कॉलोनियां बनीं रहवासियों की परेशानी का सबब

## मूलभूत सुविधाओं के अभाव में रहवासी परेशान

नवभारत न्यूज

**सिलवानी, 11 अगस्त. नगर और आसपास के क्षेत्रों में विकसित हो रही अवैध कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाओं की कमी अब रहवासियों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है. कॉलोनाइजर द्वारा सुविधाएं उपलब्ध कराने का भरोसा देकर प्लॉट बेच दिए जाते हैं, लेकिन कॉलोनी बसने के बाद लोगों को सड़क, नाली, पानी और बिजली जैसी सुविधाओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है.**



नगर के सिद्धार्थ नगर और नया बस स्टैंड के पीछे स्थित कॉलोनी में बारिश के बाद स्थिति और खराब हो गई है.खाली प्लॉटों में लंबे समय से पानी जमा है. जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी सड़कों पर भी भर रहा है. इससे रहवासियों को आवागमन में परेशानी हो रही है. घरों के आसपास पानी जमा रहने से मकानों की नींव को नुकसान पहुंचने की आशंका भी बनी हुई है. रहवासियों के अनुसार कॉलोनी के कुछ हिस्सों में पेयजल और बिजली की समस्या भी है. वहीं सड़कें खराब होने या निर्माण नहीं होने से बारिश के दौरान कीचड़ और जलभराव की समस्या बढ़ जाती है. रहवासियों ने प्रशासन और नगर परिषद से कॉलोनियों की जांच कर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने की मांग की है. साथ ही अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई और जल निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की गई है.

# बारिश में अंतिम संस्कार को मजबूर ग्रामीण

**बेगमगंज.** ग्राम पंचायतों में मुक्तिधाम निर्माण के लिए बजट और दिशा-निर्देश होने के बावजूद कई गांवों में आज भी सुविधा उपलब्ध नहीं है. इसका खामियाजा ग्रामीणों को बरसात के दौरान उठाना पड़ रहा है. ऐसा ही मामला ग्राम पंचायत शाहपुर-सुल्तानपुर के ग्राम पिपलिया खुर्द में सामने आया, जहां काशीबाई पत्नी इंदुर सिंह के निधन के बाद परिजनों को भारी बारिश के बीच अंतिम संस्कार करना पड़ा. बारिश के कारण चिता की लकड़ियां गीली थीं और आग नहीं पकड़ रही थी. परिजनों ने छाता और तिरपाल के सहारे चिता को बारिश से बचाने का प्रयास किया.

# मूंग खरीदी केंद्रों का एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 11 अगस्त . मूंग उपार्जन केंद्रों पर अव्यवस्था की शिकायतों के बाद मंगलवार को एसडीएम प्रियंका भलावी ने सेवा सहकारी समिति सुमेर और सुनेहरा के उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया.**



उन्होंने सुल्तानगंज रोड स्थित किसान मित्र वेयरहाउस और भार्गव वेयरहाउस पहुंचकर खरीदी व्यवस्था का जायजा लिया. इस दौरान कृषि अधिकारी डीके नायक, गोदाम प्रभारी आलोक राठौर, समिति प्रबंधक और वेयरहाउस संचालक मौजूद रहे.निरीक्षण के दौरान जानकारी सामने आई कि 11 अगस्त तक 1790 किसानों से 6419 क्विंटल मूंग का उपार्जन किया जा चुका है. भार्गव वेयरहाउस पर 845 किसानों की स्लाइड बुक हुई, जिनमें से 581 किसानों की मूंग की तुलाई हो चुकी है, जबकि 264 किसानों की तुलाई जारी है.वहीं किसान मित्र वेयरहाउस पर 945 किसानों की स्लाइड बुक हुई है. इनमें से 637 किसानों की मूंग की तुलाई पूरी हो चुकी है. दोनों केंद्रों पर कुल 1790 किसानों की स्लाइड बुकिंग में से 1218 किसानों की तुलाई पूरी हो चुकी है, जबकि 572 किसानों की तुलाई प्रक्रिया में है.

# बस किराया वृद्धि के विरोध में सड़कों पर उतरे छात्र



नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 11 अगस्त . यात्री बसों के किराए में अचानक की गई भारी वृद्धि के विरोध में बुधवार को बेगमगंज में छात्रों ने रैली निकालकर प्रदर्शन किया. बड़ी संख्या में जेनजी (जनरेशन जेड) छात्र-छात्राएं एसडीएम कार्यालय पहुंचे और एसडीएम प्रियंका भलावी को ज्ञापन सौंपकर बढ़ा हुआ किराया कम करने की मांग की.**

छात्रों ने बताया कि बेगमगंज से सागर का किराया 80 से बढ़ाकर 120 रुपए, भोपाल का 150 से 250 रुपए और सुल्तानगंज से बेगमगंज का किराया 25 से बढ़ाकर 50 रुपए कर दिया गया है। इसके अलावा सुनवाहा, पड़रिया, राजाधार, हैदरगढ़ सहित आसपास के गांवों से प्रतिदिन बेगमगंज पढ़ने आने वाले विद्यार्थियों पर भी किराया बढ़ोतरी का सीधा असर पड़ रहा है. छात्रों का कहना है कि दोगुना तक किराया बढ़ने से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थियों के लिए रोजाना स्कूल-कॉलेज आना मुश्किल हो गया है. कई विद्यार्थी आर्थिक परेशानी के कारण कई-कई दिन शिक्षण संस्थानों में नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है.

ज्ञापन में छात्रों ने यात्री किराए की समीक्षा कर वृद्धि वापस लेने, विद्यार्थियों के लिए रियायती यात्रा कार्ड जारी करने और किराए में विशेष छूट देने की मांग की. छात्रों ने कहा कि किराया बढ़ाना आवश्यक था तो सीमित प्रतिशत में वृद्धि की जानी चाहिए थी। उन्होंने प्रशासन से मामले में संबंधित अधिकारियों को प्रस्ताव भेजकर शीघ्र समाधान कराने की मांग की.

**बैठक** ▶ **कृषि अधिकारियों ने किसानों को दिए सुझाव**

# कम बारिश में भी बेहतर फसल उत्पादन की तैयारी

नवभारत न्यूज

**सांची, 11 अगस्त . बारिश में देरी के बाद हुई वर्षा से किसानों को राहत मिली है. खेतों में नमी आने के बाद किसान सोयाबीन, धान सहित अन्य खरीफ फसलों की बोवनी और रोपाई में जुट गए हैं.**




वहीं कृषि विभाग के अधिकारियों ने गांवों का भ्रमण कर किसानों को मौसम और पानी की उपलब्धता के अनुसार फसल प्रबंधन की सलाह दी है. कृषि अधिकारियों ने कम पानी वाले क्षेत्रों में कम सिंचाई की जरूरत वाली फसलों का चयन करने की सलाह दी. धान की रोपाई करने वाले किसानों को बीज उपचार के बाद स्वस्थ पौध तैयार कर रोपाई करने को कहा गया. वहीं उड़द और मूंग जैसी फसलों में भी अनुकूल परिस्थितियों में बेहतर उत्पादन की संभावना बताई गई.

अधिक पानी वाले क्षेत्रों में धान की उचित पद्धति से बोवनी और रोपाई करने के साथ खेत में नमी के अनुसार फसल प्रबंधन करने की सलाह दी गई. अधिकारियों ने किसानों से फसलों में कीट एवं रोगों की नियमित निगरानी करने तथा आवश्यकता होने पर विशेषज्ञों की सलाह से कीटनाशकों का उपयोग करने को कहा. किसानों को रासायनिक उर्वरकों का संतुलित मात्रा में उपयोग और खरपतवार नियंत्रण पर भी विशेष ध्यान देने की सलाह दी गई. समय पर निंदाई-गुड़ाई से फसल को पर्याप्त पोषक तत्व और नमी मिलने से उत्पादन बेहतर होने की संभावना रहती है.

> वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी सीएल अहिरवार ने दल के साथ विकासखंड के विभिन्न गांवों का दौरा कर किसानों से फसलों की स्थिति जानी और तकनीकी सुझाव दिए. किसानों ने भी अपनी समस्याएं बताईं, जिनका अधिकारियों ने समाधान बताया. अधिकारियों ने कहा कि समय पर निगरानी और उचित प्रबंधन से बेहतर उत्पादन संभव है.

# गुलगांव रोड का दूधिया झरना बना आकर्षण

## झरना देखने उमड़ रही सैलानियों की भीड़



नवभारत न्यूज

**सांची, 11 अगस्त . नगर से महज एक किलोमीटर दूर गुलगांव रोड स्थित पहाड़ी पर बारिश के बाद बहने वाला दूधिया झरना इन दिनों लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है.**

लगातार बारिश के बाद पहाड़ी से तेज धार के साथ पानी गिरने लगा है. हरी-भरी पहाड़ियों के बीच बहता सफेद पानी लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है.

झरने के बहने के साथ ही सांची और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा विदिशा सहित दूर-दराज से भी बड़ी संख्या में सैलानी यहां पहुंच रहे हैं. पुरुष, महिलाएं और बच्चे घंटों झरने के आसपास रुककर प्राकृतिक नजारे का आनंद ले रहे हैं. कई लोग झरने में नहाने का आनंद ले रहे हैं, जबकि परिवार और युवाओं की टोलियां यहां पिकनिक मनाने भी पहुंच रही हैं. बारिश के बाद पहाड़ी क्षेत्र में चारों ओर फैली हरियाली और झरने की कल-कल करती धारा प्राकृतिक सौंदर्य को और बढ़ा रही है. सामान्य दिनों में शांत नजर आने वाला यह क्षेत्र बारिश के दौरान गुलजार हो जाता है. सैलानियों की बढ़ती संख्या के चलते गुलगांव रोड पर वाहनों की आवाजाही भी बढ़ गई है। कई बार सड़क पर वाहनों की कतार लगने की स्थिति बन रही है. भीड़ अधिक होने पर व्यवस्था संभालने के लिए पुलिस को भी मौके पर पहुंचना पड़ रहा है. स्थानीय लोगों के अनुसार बारिश के मौसम में हर साल यह झरना लोगों के लिए खास आकर्षण बनता है.